आक्रोश

बिजली बिल जमा नहीं करने पर विद्युत विभाग की कार्यवाही

# टंकी का कनेक्शन काटा, बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण




**नवभारत, तेंदूखेड़ा 17 मार्च।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत सर्रा में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण आक्रोशित होकर महिलाओं व बच्चों सहित एकत्रित होकर ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे, जहां सरपंच से गुस्साए ग्रामीण व महिलाओं ने पानी की टंकी का कनेक्शन काटे जाने का कारण पूछा.

### 4 से 6 दिन बाद चालू की जाएगी सप्लाई : सरपंच

सरपंच दिनेश खरे का कहना है कि बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण कनेक्शन काटा गया है. तब ग्रामीणों सहित महिलाओं ने बताया कि हम लोग तो हर माह पैसा देते हैं, वह पैसा कहां जाता है. सरपंच ने सफाई देते हुए कहा कि वह पैसा तो मजदूरी में ही लग जाता है. सरपंच दिनेश खरे का कहना है कि हर वर्ष मार्च क्लोजिंग में शासन स्वयं बिजली बिल का भुगतान करता है. अतः सरपंच द्वारा स्पष्ट रूप से बोला गया कि पानी की टंकी चार से 6 दिन बाद चालू की जाएगी.


### तीन टैंकर हैं पर जर्जर अवस्था में

इस पर नाराज महिलाओं ने कहा कि हमारे पास पानी का कोई दूसरे स्रोत नहीं है. चार से 6 दिन हम क्या पियेंगे. इस पर सरपंच दिनेश कुमार खरे ने चुप्पी साध ली और बोले हम क्या कर सकते हैं. ग्रामीण मानसिंह यादव ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में विधायक द्वारा प्रदत्त तीन टैंकर है और तीनों ही जर्जर अवस्था में पड़े हुए हैं.

**इनका कहना है**

ग्राम पंचायत सर्रा की पानी की टंकी का बिल 9 लाख 97 हजार 982 रुपये बकाया है. इस कारण कनेक्शन काटा गया है.

**संदीप घोषी, लाइनमैन**



## महिला पर खौलता गर्म पानी डाला, बुरी तरह झुलसी

**नवभारत, दमोह।** सोम-मंगलवार की रात करीब 3 बजे गर्म खोलता हुआ पानी डालकर महिला को जलाकर बुरी तरह झुलसा देने का मामला सामने आया है.जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. जिसका उपचार जारी है. पुलिस ने बताया कि गर्म पानी से जली हुई महिला सूरजबाई की हालत गंभीर है. जिसका उपचार जिला अस्पताल के सर्जिकल बर्न वार्ड में चल रहा है. घटना की खबर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया को मिलने पर उन्होंने तत्काल बटियागढ़ पुलिस को सूचित कर जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई करने की बात कहीं.



# शिविर में 23 यूनिट रक्त किया गया संग्रहित

मातृशक्ति और युवाओं ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

**नवभारत, दमोह 17 मार्च।** मंगलवार को शहीद को याद करते हुए रक्तदान जीवनदान समिति द्वारा शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरू, शहीद सुखदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर शासकीय हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें जागरूक युवाओं और मातृशक्ति ने रक्तदान किया।

जिले की मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया. समिति द्वारा रक्तदान शिविर में 23 यूनिट रक्त संग्रह किया. शिविर में उपस्थित रहे, रक्तदान जीवनदान सेवा समिति के सदस्य लक्ष्मीकान्त पौराणिक, हिमांशु ताम्रकार, आशीष बंटी गुप्ता, अभिषेक सोनी (युवा नेता), सोशल मिडिया चैनल हमाओ, रितू और श्वेता श्रीवास्तव का भी विशेष योगदान रहा. ब्लड बैंक स्टाफ से श्रीमती प्रीति गुप्ता मनोज शर्मा का विशेष सहयोग रहा.

**इन्होंने किया रक्तदान-** रक्तदान करने वालों में राखी पौराणिक, सविता, रेखा तिवारी, अशोक तिवारी, भारत सिंह, प्रशांत शुक्ला, डॉ. गोविंद चौधरी, रिक्ति जैन, श्रीकांत तंतुवाई, अपूर्व जैन, अभय गुप्ता, गोविंद चक्रवाती, आदित्य खुराना, राजीव जैन, प्रशांत जैन, विनय आहूजा, पवन पटेल, सुमित कांत पौराणिक ने रक्तदान किया. जीवनदान सेवा समिति के सदस्यों ने अपील की है कि वह भी रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहे.

एक नजर में

## मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह।** बीते रविवार को मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक स्थानीय बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई. बैठक में पेंशनर्स की सामूहिक समस्याओं पर चर्चा हुई व संयुक्त पेंशनर्स मोर्चा के गठन के बारे जानकारी दी गई. हरिशंकर मिश्रा, कामता प्रसाद भट्ट, कृपाशंकर तिवारी, बद्री प्रसाद प्यासी, सुदामा प्रसाद मिश्रा, शंकर सिंह ठाकुर, उत्तम लाल अहिरवार व मुलायम सिंह ठाकुर ने संघ की प्रांतीय सदस्यता ग्रहण की. विगत दिनों पुलिस परिवार के सदस्य राम विशाल श्रीवास्तव एवम् दयाराम झा रिया का निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई.



## जटाशंकर मंदिर में होगा सवा करोड़ शिवलिंग का निर्माण

**नवभारत,दमोह।** स्थानीय श्री देव जटाशंकर मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 17 मई से 15 जून तक दिव्य भव्य सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है. जिसकी तैयारी के सम्बन्ध में मंदिर परिसर में एक बृहद बैठक संपन्न हुई.मंदिर के पुजारी पंडित राजऋषि पाठक ने बताया कि समस्त भक्तों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है, लगातार एक माह तक यह आयोजन चलेगा. जिसमें उन्होंने समस्त भक्तों से सहयोग व उपस्थिति का आग्रह किया है.


## अटूट प्रेम का संदेश देता है श्रीकृष्ण और रूक्मिणी विवाह : पं. शास्त्री

**नवभारत, दमोह।** सिद्ध हनुमान मंदिर खेजरा धाम में श्रीमद् भागवत कथा के छटवे दिवस मे कथा वाचक पंडित संजय शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और रूक्मिणी का विवाह अटूट प्रेम का संदेश देता है। शास्त्री ने कहा कि रुक्मिणी भगवान कृष्ण की पत्नी थी, रुक्मिणी लक्ष्मी का अवतार है. उनका श्रीकृष्ण से विवाह हुआ था.रु क्मिणी भगवान कृष्ण की आठ पटरानियों में प्रथम रानी हैं और रुक्मिणी का जन्म वैशाख एकादशी को हुआ था. सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मिणी-कृष्ण विवाह (रुक्मिणी मंगल) का प्रसंग अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.



## चैत्र नवरात्रि पर शोभायात्रा आज

**नवभारत,दमोह।** चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम उत्सव समिति द्वारा मोरगंज गल्ला मंडी में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी.प्रतिमा स्थापना के पूर्व बुधवार की शाम 7 बजे घण्टाघर स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर से मोरगंज गल्ला मंडी तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी.शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, धर्मप्रेमी और समिति के सदस्य शामिल होंगे.श्रीराम उत्सव समिति के संयोजक विक्रांत गुप्ता 'विक्की' ने शहर के धर्मप्रेमियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी श्रद्धालु भव्य मंगल आगवानी में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें. मोरगंज गल्ला मंडी में प्रभु श्रीराम की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना के पश्चात प्रतिदिन आरती व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ ले सकेंगे.





## गैस गोदाम का किया निरीक्षण

**दमोह।** महादेव गैस सर्विस बांदकपुर गैस और गोदाम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए. इस अवसर पर तहसीलदार प्रीतम सिंह, आरआई, पटवारी, चौकी प्रभारी बांदकपुर राजेंद्र मिश्रा, राजकुमार, जितेंद्र और पुलिस बल मौजूद रहा।

## मड़ियादो में गैस एजेंसी की जांच जारी



हटा नायब तहसीलदार राजेश सोनी, पटवारी अनिल शुक्ला द्वारा मड़ियादो में गैस एजेंसी की जांच जारी.



# जिले में बढ़ती जा रही गिद्धों की संख्या

दमोह के नोहटा में दिखा गिद्धों का झुंड

**नवभारत,दमोह 17 मार्च।** वन मंडल अंतर्गत आने वाले सागोनी वन परीक्षेत्र के नोहटा में मंगलवार शाम गिद्धों का झुंड देखा गया है. एक साथ कई गिद्ध यहां 27 मिल के समीप मैदान में बैठे हुए थे. स्थानीय लोगों द्वारा इनको देखा गया और उसके बाद इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया.

बता दें कि गिद्धों की प्रजाति विलुप्त होती जा रही है, इसके संरक्षण के लिए वन विभाग के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. जिले में लगातार गिद्धों की संख्या भी बढ़ती नजर आ रही है. इसके पहले तेजगढ़, तारादेही, तेंदूखेड़ा में बड़ी संख्या में गिद्ध मिले हैं. गिद्ध गणना के दौरान भी गिद्धों के घोसले वन कर्मियों को मिले थे. इसके बाद अब नोहटा के 27 मिल के समीप गिद्धों का झुंड देखा गया है.

### गिद्ध पर्यावरण दूषित होने से बचाते हैं

पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी गिद्धों की संख्या को काफी अच्छा माना गया है. जंगल में जब किसी जानवर की मौत हो जाती है तब गिद्ध ही उसे अपना भोजन बनाते हैं और पर्यावरण दूषित नहीं हो पाता. दमोह डीएफओ ईश्वर जरांडे ने बताया कि दमोह जिले में लगातार गिद्धों की संख्या बढ़ती जा रही है.जिस प्रकार से नोहटा में गिद्ध देखे गए हैं इसके पहले तेजगढ़ और तारादेही में भी बड़ी संख्या में गिद्ध मिले हैं.

# बांसा तारखेडा में चाकू लगने से युवक घायल, इलाज जारी

युवक पर ई बाइक में आग लगाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत, दमोह.** देहात थाना क्षेत्र की सागर नाका चौकी अंतर्गत बांसा तारखेडा गांव निवासी अंकित सिंह परिहार को सोमवार की रात चाकू लगने से घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया.

मामले की जानकारी लगते ही चौकी प्रभारी विक्रम सिंह दांगी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की. घायल पर ई बाइक में आग लगाने का आरोप है. जिला अस्पताल पहुंचे चौकी प्रभारी विक्रम सिंह दांगी ने बताया सूचना मिली थी कि बांसा तारखेड़ा गांव में ई-बाइक में आग लगाकर जलाया गया.जिसका आरोप अंकित और टिंकू पर था, वह इस मामले की जांच कर रहे थे. तभी उन्हें सूचना मिली कि आरोपी अंकित घायल होकर जिला अस्पताल पहुंचा है जिसके हाथ पर चाकू के हमले जैसे निशान है. अस्पताल जाकर उन्होंने घायल के बयान लिए हैं मामले में जांच की जा रही है.



### झूठा आरोप लगा रहे : अंकित

घायल अंकित ने बताया कि संजीत राय के लड़कों ने उसे चाकू मारी है. वह लोग झूठा आरोप लगा रहे हैं कि उसके द्वारा ई बाइक में आग लगाई है. उसके द्वारा किसी प्रकार की कोई आग नहीं लगाई गई. वहीं इस मामले में जलती हुई बाइक का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पुलिस दोनों ही मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है.

# शहर में गैस की पर्याप्त उपलब्धता, प्रशासन कर रहा निगरानी

कलेक्टर ने कहा- यदि कहीं भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

**नवभारत, दमोह.** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने शनिवार को शहर के विभिन्न एजेंसियां और गैस गोदामों का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान सबसे पहले स्टेडियम के पास दमोह गैस सर्विस,सरस्वती स्कूल के सामने पटेरिया गैस एजेंसी, पुरानी गल्ला मंडी दमोह गुप्ता गैस सर्विस, बड़ा पुरा श्री इंडेन गैस इसके बाद गैस गोदाम इंडस्ट्रीयल एरिया बरपटी,ग्राम हिनौती गोदाम का भी निरीक्षण किया.




इस अवसर पर एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार रॉबिन जैन, डीएसओ रचना प्रजापति, फूड विभाग से कनौआ, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, आरआई अभिषेक जैन, पटवारी किशोर यादव, तिलक के अलावा पुलिस बल में हिमांशु और महिला आरक्षक मौजूद रही. इस दौरान उन्होंने गैस स्टॉक, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया.

**गैस वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करें-** उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राठौर ने कहा कि शहर में गैस की पर्याप्त उपलब्धता हैं और जिन उपभोक्ताओं ने सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई है, उन्हें समय पर गैस सिलेंडर मिल जाएगा. उन्होंने नागरिकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की.

# हरा-भरा दमोह को मिली राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

दिल्ली में पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल हुई दमोह की अमृत मित्र महिलाएं



**नवभारत, दमोह.** नगर पालिका परिषद दमोह की पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहल हरा-भरा दमोह को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक विशेष राउंड टेबल वर्कशॉप में दमोह की दो अमृत मित्र महिलाएं शामिल हुई।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें सम्मनित किया।कार्यक्रम में शामिल होकर सम्मान पाने के बाद महिलाएं काफी भावुक, खुश और उत्साहित नजर आई। अमृत मित्र एवं स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष रश्मि चौबे ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे दमोह जिले का हैं। नगर पालिका परिषद् की इस उपलब्धि के पीछे मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी का मार्ग दर्शन और शहरी आजीविका मिशन की रानी सेन के निरंतर प्रयासों की अहम भूमिका रही।

### प्रदेश की 300 महिलाओं को किया गया सम्मानित

शहरी आजीविका मिशन के तहत् संचालित स्व-सहायता समूह की इन महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए नामांकित किया गया था। दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश की लगभग 300 महिलाओं को सम्मानित किया। जिनमें दमोह की ये अमृत मित्र महिलाएं भी शामिल रहीं।कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को सराहा गया।

### महिलाएं शहर को हरा-भरा करने सतत कार्य कर रहीं

ज्ञात हो कि दमोह की ये अमृत मित्र महिलाएं शहर को हराभरा बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। वे पौधरोपण, पौधों की देखरेख, जल की गुणवत्ता की जांच तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर रही है। इनके प्रयासों से शहर में हरित क्षेत्र बढाने और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता फैलाने में भी मदद मिल रही हैं।



# किसानों का दल प्रशिक्षण व भ्रमण के लिए नीमच रवाना

**नवभारत, दमोह।** आत्मा योजनांतर्गत किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में दमोह जिले के किसानों को औषधीय फसलों की खेती व उनके विक्रय से संबंधित प्रशिक्षण व भ्रमण हेतु अपर कलेक्टर मीना मसराम, मनोज खरे, हेमंत पटेल, उपसंचालक कृषि जी.एल. अहिरवार,परियोजना संचालक आत्मा जेएल प्रजापति की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर कृषकों के दल को औषधीय फसलों के उत्पादन के गुर सीखने एवं उनकी मार्केटिंग हेतु नीमच भ्रमण व प्रशिक्षण हेतु कृषकों के दल को को रवाना किया गया। ज्ञात हो कि कृषि उपज मंडी समिति नीमच एशिया की सबसे बड़ी औषधीय फसलों की मंडी है।

# अवैध खनिज का परिवहन करते 2 ट्रैक्टर जब्त

**नवभारत, दमोह 17 मार्च।** जिले मे कलेक्टर अनिल राठौर के निर्देशन मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी है।

खनिज अधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक बिना पंजीयन क्रमांक अंकित लाल रंग का ट्रैक्टर जबेरा तहसील अन्तर्गत ग्राम चौपरा में रोड पर बिना रॉयल्टी के बोल्डर पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर पुलिस थाना जबेरा मे खडा किया जाकर सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया। इसके अलावा एक अन्य बिना नंबर अंकित लाल महिंद्रा ट्रैक्टर द्वारा सिंग्रामपुर में रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर मे जब्त कर पुलिस चौकी सिंग्रामपुर में खड़ा किया गया।



**खनिज नियमों के तहत होगी कार्रवाई-** दोनों प्रकरण में खनिज नियमों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित कर प्रकरण कलेक्टर श्री राठौर के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन,परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

# दिव्यांगों को दी जाए 3000 रुपये मासिक पेंशन

मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, दमोह 17 मार्च।** दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर अर्चना प्रजापति को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि दमोह जिले व मप्र की दिव्यांगों अनेक प्रकार की समस्याएं हो रही है। इसमें प्रमुख रूप से मप्र में दिव्यांगों की मात्र 600 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है, जबकि देश के अनेक प्रदेशों में बहुत अधिक पेंशन दिव्यांगों को दी जा रही है. यहां भी मुख्यमंत्री से निवेदन है कि दिव्यांगों को 3000 रुपये मासिक पेंशन की जाए। दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान का आवंटन हुआ है उन्हें निरस्त कर वहीं पर जमीन आवंटन की जाए एवं कुटीर स्वीकृत कर उन्हें विकलांगों को सुविधा अनुसार मकान बनाने की अनुमति दी जाए।



**दिव्यांगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाए-** कलेक्टर के आदेश के बाद भी अभी तक दिव्यांगों के ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बने है. कुछ लोगों के बनाए गए हैं एवं दिव्यांगों को बस पास भी अभी तक आरटीओ से जारी नहीं किए गए हैं, वह भी जारी किए जाएं. 4 दिव्यांगों की 1 वर्ष से ज्यादा बैटरी चलित ट्राई साईकिल का सुधार कर परीक्षण हुआ था, परंतु आज दिनांक तक न तो सुधार किया गया और न ही बैटरी बदली गई।